डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

| वर्ष 19 | अंक 146 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 11 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया |
|---|---|---|---|---|---|

## गौशाला का दस्तावेज रखा झोला कुंचड़ौद से मंदसौर के बीच गिरा

### उपलब्ध कराने वाले को बंशीलाल टांक करेंगे पुरस्कृत

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पतंजलि योग गुरू एवं गौशाला अध्यक्ष बंशीलाल टांक ने बताया कि 9 मार्च को प्रात: 8.30 बजे जब सांवलिया गौशाला कुंचड़ौद से, मंदसौर एक्टिवा से आ रहे थे ओर कपड़े के कत्थई रंग के बेग (झोला) में गौशाला के महत्वपूर्ण दस्तावेज, चेक बुक, 3 रजिस्टर, लेटर पेड, स्टॉम्पपेड सीले आदि रखी हुई थी, उक्त झोला रास्ते में कहीं गिर गया है। गौशाला का यह महत्वपूर्ण रेकार्ड का झोला जिसको मिला हो कृपया टांक को मो.नं. 7697872264 या 6265256129 पर सूचना देकर उपलब्ध कराने का कष्टकरें। उपलब्ध कराने वाले का टांक और समिति बहुत बड़ा उपकार मानेगी साथ ही यथेष्टपुरस्कार से पुरस्कृत भी किया जायेगा। गौमाता के हित में इसे पुण्य कार्य समझकर अवश्य सहयोग करने का कष्टकरें।

**बंशीलाल टांक, मो.नं. 7697872264**








फाईल फोटो

# रंगों का त्योहार, सजा बाजार

## [हर्बल कलर की डिमांड, भाव में भी बढ़ोतरी]

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजार गुलजार हो गया है। शहर के मुख्य बाजारों के साथ पुराने क्षेत्रों में सजे होली के बाजारों में भी रंग व गुलाल की दुकानें सज गई है। लोगों को महकता हुआ हर्बल गुलाल अधिक पसंद आ रहा है। लोग सिंथेटिक व केमिकल युक्त रंग को खरीदने से परहेज कर रहे हैं। पिछले साल से तुलना करें तो इस बार महंगाई का असर रंगो पर भी पड़ा है। पिछले साल की तुलना में पांच-दस प्रतिशत बढ़ोतरी रंग-गुलाल के दामों में हुई है।**

होली को अब कुछ दिन शेष रह गए हैं। इसको देखते हुए लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है। दुकानदार पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं। दुकानों पर ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राहकी अधिक दिख रही है। आसपास के गांवों से बाजार आए लोग गुलाल और रंग खरीद रहे है। पीला, लाल व गुलाबी रंग का गुलाल अधिक पसंद किया जा रहा है। इसमें भी हर्बल गुलाल की मांग अधिक हैं। पैकिंग में दस रुपए से लेकर 200 रुपए तक के दाम में बाजार में महकता गुलाल मौजूद है। पैकिंग के अलावा खुले गुलाल की भी जमकर बिक्री हो रही है। शक्कर से बनी मिठाई जैसे कंगन व हार जमकर बिके हैं। बता दे कि फिलहाल ग्रामीण क्षेत्रों में रंग बेचने वाले होलसेलर अभी दुकानों पर पहुंच रहे हैं। धुलेंडी के एक दिन पहले यह भीड़बढ़ जाएगी।

### पिचकारी में त्रिशूल व गदा बच्चों की पसंद...

बाजार में पिचकारी की अलग-अलग वैरायटी आ गई है। इस बार इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी भी आई है। इसके साथ ही भगवान परशुराम का फर्शा, त्रिशूल, गदा व शिवाजी महाराज की तलवार वाली पिचकारी भी बच्चों को पसंद आ रही है। इसमें पानी भरकर बच्चे करीब दस फीट दूर तक कलर उड़ा सकते हैं। दुकानदार डेमो करके भी दिखा रहे हैं। इसके साथ ही एयर प्रेशर से चलने वाली पिचकारी भी दुकानों पर उपलब्ध हैं। इस बार बच्चों के लिए पिचकारियों की भरमार है। डोरेमोन, शिजूका, छोटा भीम की पिचकारियों से भी दुकानें सजी हुई है।

### हर्बल रंग व गुलाल की डिमांड अधिक..

रंग व्यवसायियों ने बताया कि हर साल हर्बल व फ्रूट रंग के गुलाल की डिमांड बढ़ती जा रही है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए गुलाल की सभी तरह की वैरायटी उपलब्ध है। हर्बल गुलाल दस रुपए की पैकिंग से शुरू है। रंग में लाल, सुनहरा, पीला, गुलाबी और हरे रंग की मांग है। इको फ्रेंडली रंग अधिक पसंद किए जा रहे है।

# जुआरी पार्षद शाहिद मेव बना नपा द्वारा आयोजित मेले में अतिथि..!

## बीजेपी के तत्कालीन जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया कर चुके हैं बीजेपी से निलंबित

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। नगर पालिका द्वारा 48 वां राष्ट्रीय एकता हजरत नाहर सैय्यद मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 11 मार्च को आयोजित सुफियाना कव्वाली के कर्यक्रम में वार्ड नंबर 15 के भाजपा समर्थित जुआरी पार्षद शाहिद मेव को बतौर अतिथि आमंत्रित किया है। बकायदा नगर पालिका द्वारा छपवाएं गए आमंत्रण कार्ड में नाम भी प्रकाशित किया गया है। जबकि, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल पाटीदार द्वारा इन्हें बार-बार जुआ खेलते हुए पकड़ाने पर संज्ञान लेकर इसे मौखिक रूप से पार्टी से निष्कासित कर दिया था। वहीं अटोलिया ने मीडिया से कहा था कि हमने तो संगठन की बैठक में शाहिद को बुलाना भी बंद कर दिया है। लेकिन, अब जिलाध्यक्ष बदल गए है तो कार्ड में नाम आना शुरू हो गया है।**

बता दें कि सितंबर माह में ग्राम सेदरिया के पास फार्म हाउस पर संचालित हो रहे जुआघर पर पुलिस ने छापा मारा। इसमें मंदसौर वार्ड नंबर 15 के भाजपा पार्षद शाहिद पिता मेहबुब मेव निवासी नयापुरा सहित नौ आरोपी को रंगेहाथों पकड़ा था। इनके कब्जे से 27 हजार 140 रुपए नगदी और 52 ताशपत्ती जब्त की थी। फार्म हाउस के मालिक को भी पुलिस ने आरोपी बनाया था। वहीं पिछले दिनो जयपुर में पकड़े गए जुआघर में भी नाम आने की जानकारी मिली थी।

### आदतन जुआरी है पार्षद शाहिद...

वार्ड नंबर 15 से पार्षद शाहिद मेव आदतन जुआरी है। इसके खिलाफ पूर्व में भी जुआ-सट्टा और मारपीट के मामले दर्ज हो चुके है। कोतवाली पुलिस के अनुसार वर्ष 1995, 2002, 03 व 04 में जुआ-सट्टा के प्रकरण दर्ज हो चुके है। इसके अलावा कुछ वर्ष पूर्व शाहिद ने अपने साथी भूरा के साथ मिलकर आमीन दुधवाले के साथ मारपीट की थी। आमीन को अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा था। पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

### भारत की जीत के लिए रखे पटाखे फूटने लगे, बड़ा नुकसान

**सीतामऊ, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के बेलारा गांव में एक किराना दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान के मालिक उमेश महाजन ने भारत-न्यूजीलैंड मैच में भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए पटाखे रखे थे। आग लगने से यह पटाखे फूटने लगे। इस घटना से व्यापारी को बड़ा नुकसान हुआ है। सीतामऊथाना प्रभारी मोहन मालवीय के अनुसार घटना रविवार रात की है। उमेश पिता राजेंद्र महाजन की जनरल स्टोर और किराना दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। परिवार के सदस्य उस समय चैम्पियन ट्राफी का फायनल क्रिकेट मैच देख रहे थे। यह मैच भारत-न्यूजीलेण्ड के बीच चल रहा था।

**दुकान का सारा सामान जलकर हुआ राख**–आग लगने की सूचना माइक से स्थानीय लोगों को दी गई। सीतामऊ पुलिस और नगर परिषद को भी सूचित किया गया। ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। लेकिन, तब तक दुकान में रखा सारा जनरल और किराना सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। दुकान मालिक के मुताबिक उन्हें भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल नुकसान का सटीक आकलन नहीं किया जा सका था।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति के बाद सुवासरा का नाम अब बालीवुड में जाना जाएगा

**सुवासरा, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा ,स्वास्थ्य, राजनीति के बाद नगर का नाम अब बॉलीवुड में जाना जाएगा। नगर और क्षेत्र के कई युवाओ ने अच्छी शिक्षा और राजनीति में अपनी जगह बनाई है। लेक़िन फ़िल्म जगत में भी अब सुवासरा नगर का जुड़ गया है। जी हां हम बात कर रहे है रविवार को जयपुर में हुए बॉलीवुड के सबसे बड़े आईफा अवार्ड समारोह की। इस समारोह में नगर के युवा इंजिनीअर प्रशांत पांडे को बेस्ट गीतकार का अवार्ड मिला । प्रशांत ने फ़िल्म लापता लेडीज़ में ओ सजनी रे..



गीत लिखा था। 30 वर्षीय प्रशांत पांडे पेशे से इंजिनीअर है। वर्तमान में ये इंदौर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में कार्यरत है। 30 वर्षीय पांडे को बचपन से ही गाने का शोक था। लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली और अपनी पढ़ाई पर ध्यान दिया। और सॉफ्टवेयर इंजिनीअर के रूप में कार्य शुरू किया।गाने का शौक पूरा नही होने पर बाद में गीत लिखना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपने गीतों का संकलन शुरू किया। इसी प्लेटफॉर्म के द्वारा संगीतकार राम संपथ ने प्रशांत से संपर्क किया।वर्ष 2017 में एक ईमेल से गीतों का संपर्क संगीतकार राम संपथ ने प्रशांत से किया था। 6 साल बाद प्रशांत का पहला गीत बॉलीवुड फिल्म के लिए चयनित हुआ। और किरण राव के प्रोडक्शन में बनी फिल्म लापता लेडीज़ में पहले गीत के लिए मौका मिला।हालांकि इस फ़िल्म के लिए प्रशांत के लिखे दो गीत का चयन हुआ। पहला गाना ओ सजनी रे... तो दूसरा गाना बेड़ा पार... फ़िल्म के ..... **शेष पेज 4 पर**

## नशीला पदार्थ खिलाने वाले दो आरोपियों को 05 वर्ष का कारावास

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता ने एक प्रकरण में 2 आरोपियों मोहम्मद साजिद मंसूरी निवासी चिकलाना एवं मनीषा पति दिलीप राठौर निवासी मंदसौर को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 6-6 हजार रूपए के जुर्माने से दंडित किया है।

लोक अभियोजक तेजपालसिंह शक्तावत ने बताया कि सिटी कोतवाली थाने में फरियादी विजयराज आंजना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 दिसंबर 2022 को सायं 4 बजे के लगभग नाकां नम्बर 10 के पास आरोपियों ने नशे जैसी वस्तु को चाय में मिलाकर पिलाया था। उपरांत दोनों आरोपियों ने एक मित्र के कमरे पर नशे की हालत में ले जाकर फरियादी के कपड़े उतारकर नग्न अवस्था के वीडियो बनाकर दोनों आरोपियों ने फरियादी को बलात्संग के प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर फरियादी से 7 लाख 50 हजार रूपए राशि की मांग की थी। उपरांत कोतवाली पुलिस ने अनुसंधान पूर्ण कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। अभियोजन की ओर से न्यायालय में 15 साक्षियों के कथन कराए गए एवं 38 दस्तावेजों को प्रमाणित कराया गया। न्यायालय ने साक्षियों के कथनों के आधार पर आरोपीगण मोहम्मद साजिद मंसूरी ने निवासी चिकलाना एवं मनीषा पति दिलीप राठौर को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 6-6 हजार रूपए के जुर्माने से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी लोक अभियोजक, तेजपालसिंह शक्तावत, अतिरिक्त लोक अभियोजक भगवानसिंह चौहान, भगवतीलाल शर्मा ने की।

### फरवरी में मंडी से चुराया था मक्का...

## छह आरोपी गिरफ्तार, 40 कट्टे उपज बरामद

**नीमच, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सिंगोली थाना पुलिस ने कृषि उपज मंडी से मक्का चोरी के मामले में कार्रवाई की है। प्रकरण में 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। चोरी गए माल में से 40 कट्टे मक्का भी बरामद किए गए हैं। घटना 16-17 फरवरी की रात की है। चोरों ने कृषि उपज मंडी से कई व्यापारियों के मक्का के कट्टे चुराए थे।



बताया गया है कि व्यापारी कैलाश जैन के 200 केएम मार्क के कट्टों में से 18, संजय जैन के 240 श्री मार्क कट्टों में से 15 और प्रदीप गांधी के 410 एन मार्क कट्टों में से 25 कट्टे चोरी हुए थे। प्रत्येक कट्टे का वजन 50 किलो था। व्यापारियों ने थाना प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार यादव से मिलकर जल्द कार्रवाई की मांग की थी। जांच के बाद पुलिस ने दुर्गेश बलाई, पंकज धाकड़, रामलाल बलाई, अरविंद बलाई, नीलेश बलाई और ओमप्रकाश बलाई को पकड़ा है। सभी आरोपी वार्ड 14 सिंगोली के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने 40 कट्टेमक्का चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर यह माल बरामद कर लिया है। मुख्य आरोपी राजू बलाई अभी फरार है। पुलिस उसे तलाश रही है।

## मारपीट करने के आरोपी को 07 वर्ष का कारावास एवं अर्थदण्ड

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। न्यायालय श्रीमान पंचम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी मेडम के द्वारा आरोपी चंदन बावरी निवासी सिन्दपन को धारा 326 में 7 वर्ष एवं 25 हजार रूपए जुर्माना, 25 (1-बी) आयूदा अधिनियम में 2 वर्ष का कारावास एवं 5 हजार रूपए का जुर्माने से दंडित किया गया।**

अपर लोक अभियोजक भगवान सिंह चौहान ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि दिनांक 20/02/2023 को ग्राम मोल्याखेड़ी थाना मल्हारगढ़ में एक बारात निकल रही थी, तभी वहां पर चंदन बावरी के द्वारा दीपक चैहान के उपर चाकू से वार किया। जिससे दीपक की पेर में चाकू लगने से गंभीर चोट लगी तथा उसकी नस कट गई थी। नस कटने से चिकित्सकों ने फरियादी दीपक चैहान के खुन का रक्त स्त्रोत बंद हो गया था। इस कारण से चिकित्सकों ने दीपक का ऑपरेशन कर पेर काट दिया गया। मल्हारगढ़ पुलिस के द्वारा अपराध क्र.34 (23), धारा 294, 323, 506 आईपीसी में प्रकरण दर्ज करने के बाद विवेचना के दौरान पेर कटने से धारा की बढ़ोत्तरी करते हुए धारा 326 एवं 25 आम्र्स एक्ट बढ़ाया गया था। अभियोजन के द्वारा न्यायालय में कुल 14 गवाहों के कथन कराए गए एवं बचाव के पक्ष द्वारा एक गवाह का कथन करवाया गया था। मेडिकल साक्ष्य एवं अन्य साक्ष्य ने घटना का समर्थन किया गया। इस कारण अभियुक्त चंदन बावरी पिता उदयलाल बवारी निवासी सिन्दपन को धारा 326 में 7 वर्ष एवं 25 हजार रूपए जुर्माना, 25 (1-बी) आयुध अधिनियम में 2 वर्ष का कारावास एवं 5 हजार रूपए का जुर्माने से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी तेजपालसिंह शक्तावत लोक अभियोजक, एवं भगवानसिंह चौहान, भगवतीलाल शर्मा अपर लोक अभियोजक के द्वारा की गई।



**फाग महोत्सव**– रंगारंग एकादशी के अवसर पर मंदसौर के श्री गोवर्धन नाथ मंदिर में फाग महोत्सव मनाया गया।

# गरोठ-उज्जैन फोरलेन से जुड़ेगा शामगढ़

## एक-डेढ़ घंटे में गरोठ से पहुंच सकेंगे उज्जैन, 89 गांवों से होकर गुजरेगा हाईवे

**शामगढ़, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से उज्जैन को जोड़ने वाले फोरलेन मार्ग पर जल्द ही वाहन दौड़ने लगेंगे। उज्जैन-गरोठ फोरलेन सड़क परियोजना की लागत 2 हजार 660 करोड़ रुपए है। सड़क निर्माण का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसमें मंदसौर जिले के मार्ग का काम भी पूरा हो गया है। यह फोरलेन मार्ग 89 गांवों से होकर गुजर रहा है। जिसमें उज्जैन के 13 गांव, घट्टिया के 10 गांव, महिदपुर के 20 गांव, बड़ौद के 11 गांव, डग के तीन गांव, गंगधार के 11 गांव, सुवासरा के 10 गांव, शामगढ़ के 07 गांव और गरोठ के 04 गांव शामिल हैं। यहां पर 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़िया चलेंगी। जिससे उज्जैन से गरोठ तक का सफर मात्र एक-डेढ़ घंटे में ही पूरा हो जाएगा। अच्छी खबर शामगढ़ क्षेत्र के लोगों के लिए यह है कि शामगढ़ को भी इस फोरलेन से जोड़ने की स्वीकृति हो गई है। उल्लेखनीय है कि इस कनेक्टिवीटी की मांग लेकर काफी प्रदर्शन यहां के लोगों ने किया था। आखिरकार इस पर मुहर लग चुकी है।



नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा उज्जैन-गरोठ फोर लेन मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क मार्ग पर शामगढ़ नगर को नही जोड़ा गया। इसको लेकर शामगढ में जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। लोगों ने निर्माणाधीन हाईवे पर धरना भी दिया। कंपनी के अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर लोगों से बात कर आश्वासन भी दिया। इसके बाद कनेक्टिवीटी को लेकर प्रयास शुरु किए गए। आठ महिने पहले धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर एमकेसी कंपनी के अधिकारियों ने लिखित में आश्वासन दिया कि जिस जगह से कनेक्टिविटी की मांग की जा रही है। उस हिस्से में अगले 30 दिनों तक कंपनी कोई निर्माण नहीं करेगी। आखिरकार लोगों के प्रदर्शन और सांसद सुधीर गुप्ता, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसौदिया, पूर्व मंत्री हरदीपसिंह डंग के प्रयास के बाद शामगढ़ की कनेक्टिवीटी ढाबला गुर्जर से मंजूर हुई। बताया गया है कि एक दो दिन में यहां काम भी शुरु हो जाएगा। इससे शामगढ़ के लोगों को खासा फायदा होगा। बता दे कि शामगढ की आबादी 40 हजार से ज्यादा है। यहां सभी ट्रेनों का स्टॉपेज है। आसपास के करीब 80 गांवों के लिए शामगढ सेंटर है।

### मंदसौर जिले की सीमा में काम पूरा...

मंदसौर जिले की सीमा क्षेत्र में काम लगभग पूरा हो चुका है। उज्जैन-गरोठ फोरलेन सड़क परियोजना पूर्ण होने वाली है। लगभग 41 किलोमीटर लंबे उज्जैन से खेड़ाखजूरिया मार्ग का 10 प्रतिशत काम ही शेष बचा है। उसके आगे काम पूर्ण हो चुका है। एनएचएआई ने शेष काम महीनेभर में पूरा करने का दावा किया है। यह काम पूरा होते ही इस पर ट्रैफिक शुरू हो जाएगा। परियोजना पूर्ण होने से पहले ही रास्ता खुला होने से आवागमन आसान हो गया। हाईवे पर ट्रैफिक शुरू होने के बाद समय और ईंधन दोनों बच रहा है। इससे हादसों में भी कमी आएगी और लोगों को जाम से भी निजात मिलेगी।

### एक माह में होगा काम पूरा, उज्जैन से दिल्ली-मुंबई की दूरी हुई कम...

दिल्ली-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे से उज्जैन को सीधे जोड़ने वाली 2660 करोड़ रुपये की उज्जैन-गरोठ फोरलेन सड़क परियोजना पूर्ण होने की कगार है। 41 किलोमीटर लंबे उज्जैन से खेड़ा खजूरिया मार्ग का 10 प्रतिशत काम ही शेष बचा है। उसके आगे काम पूर्ण हो चुका है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शेष काम महीनेभर में काम पूरा कराने का दावा किया है। इधर, परियोजना पूर्ण होने से पहले ही रास्ता खुला होने से आवागमन आसान हो गया है। यात्रियों का कहना है कि परियोजना पूर्ण होने से पहले ही आवागमन शुरू हो गया है। उज्जैन से दिल्ली, मुंबई, वड़ोदरा की दूरी कम हुई है। अब समय और ईंधन दोनों बच रहा है। मालूम हो कि उज्जैन-गरोठ फोरलेन सडक़ परियोजना का काम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नवंबर- 2022 में शुरू कराया था। काम तेजी से कराने को परियोजना कार्य तीन हिस्सों में बांटकर अलग-अलग कंस्ट्रक्शन कंपनियों क्रमश: जीएचवी, रवि इन्फ्रा, एमकेसी इन्फ्रा को दिया था। जीएचवी कंपनी को उज्जैन से खेड़ा खजूरिया तक सड़क बनाने की जिम्मेदारी दी थी, जो भूमि आवंटन देरी से होने के कारण समय सीमा में पूरी न हो सकी। अनुबंध अनुसार तीनों फर्मों को काम जुलाई- 2024 में ही पूरा कर लेना था। रवि इन्फ्रा, एमकेसी इन्फ्रा अपने हिस्से का काम लगभग पूरा कर चुकी है। जीएचवी का काम 10 प्रतिशत शेष है जो बढ़ाई गई 207 दिन की समय सीमा गुजरने के बाद भी अधूरा है। अब महीनेभर में काम पूरा करने की बात ठेकेदार द्वारा कही जा रही है।

## सीईओ ने भूपेन्द्र पण्ड्या को कर्तव्य पर उपस्थित होने के दिए निर्देश

**नीमच, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णनव ने संविदा परियोजना अधिकारी वाटरशेड जिला पंचायत नीमच श्री भूपेन्द्र पण्ड्या निवासी भोजमार्ग गली नं.2 फ्रीगंज उज्जैजन को अंतिम सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में अपने कर्तव्यय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए है। यदि उक्त समयावधि में श्री भूपेन्द्र पण्ड्या अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होते है, तो उनकी संविदा सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णाव ने बताया, कि भोजमार्ग गली नम्बमर 2 फ्रीगंज उज्जै न निवासी श्री भूपेन्द्र पण्ड्यान पिता श्री चंद्रप्रकाश पण्ड्य् संविदा परियोजना अधिकारी (वाटरशेड) जिला पंचायत नीमच अपने कर्तव्यर से दिनांक एक अक्टूबर 2023 से बगैर किसी सूचना एवं अवकाश स्वीरकृति के बगैर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। पूर्व में पंजीकृत डाक से उन्हें 2 सूचना पत्र भेज कर कर्तव्ये पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया है। परंतु वे कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए। अत: जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णाव ने श्री पण्ड्या को अंतिम सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में कर्तव्य पर उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

## गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन अंतिम तिथि 31 मार्च

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि, समस्त किसान बंधुओ को सूचित किया जाता है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन की प्रकिया जारी है। जिसकी अंतिम दिनांक 31 मार्च 2025 है, शासन के निर्देशानुसार ऋअटगेंहू की खरीदी दिनांक 15 मार्च 2025 से केंद्र शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य राशि रुपए 2425 तथा राज्य शासन द्वारा देय बोनस 175/- रूपये प्रति क्विंटल। इस प्रकार कुल 2600/- प्रति क्विंटल की दर पर शासन द्वारा खरीदा जावेगा। अत: समस्त किसान बंधुओ से अनुरोध है की पंजीयन अवधि समाप्त होने के पूर्व अपने नजदीकी किसान पंजीयन केंद्र (सहकारी सोसाइटी) पर जाकर नि:शुल्क गेंहू पंजीयन करवाए। पंजीयन करवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज किसान कि समग्र आईडी, किसान का आधार कार्ड, किसान कि बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबाईल नम्बर, खसरा रिपोर्ट (पावती)।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक कल

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता में 12 मार्च को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1:00 बजे आयोजित होगी।

## जिला पंचायत सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक कल

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी ,जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 12 मार्च को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष, मंदसौर में आयोजित की गई है।

# जिला ब्राह्मण समाज ने फाग महोत्सव मनाया



**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला ब्राह्मण समाज ने रविवार 9 मार्च को परशुराम वाटिका में फाग महोत्सव मनाया जिसमे बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। जिला ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पंडित दिलीप दुबे ने बताया की ब्राह्मण समाज फाग महोत्सव रामटेकरी स्थित भगवान परशुराम वाटिका पर रविवार 9 मार्च को मनाया गया यह फाग महोत्सव प्रथम बार मनाया गया है जिसमे विप्रजन सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थी। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।फाग महोत्सव के कार्यक्रम में मातृ शक्ति द्वारा फाग गीत गाए गए।तथा कार्यक्रम में वैद्य ललित बटवाल द्वारा बसंत गीत सुनाया गया तथा युवा प्रतिभा ऋषिकुमार शर्मा ने 'मेरी भारत मां शेरो वाली 'राष्ट्रगीत सुनाया गया। फाग महोत्सव कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित तथा भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत और जीवन शर्मा ने भी अपनी सहभागिता कर समाज बंधुओ के साथ फाग महोत्सव का आनंद लिया।तथा समाज से सभी विप्रजनो को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने मातृ शक्ति के साथ फाग गीतो का भी आनंद लिया कार्यक्रम में सभी विप्र बंधुओ द्वारा भगवान परशुराम की पूजन आरती की गई तत्पश्चात स्वल्पहार किया गया। इस फाग महोत्सव में मातृ शक्ति वार्ड पार्षद श्रीमती गरिमा भाटी,श्रीमती संध्या पंचारिया,सरोज शर्मा,कमला शर्मा,वर्तिका पारीक,संध्या शर्मा,ज्योति चौबे,ललिता उपाध्याय, प्रीति तिवारी,अनामिका जोशी, राजश्री त्रिवेदी, पुष्पा शर्मा,सीमा शर्मा,किरण गौड, आशा व्यास,शिखा व्यास,किरण मोड,ललिता भारद्वाज,चंचल दुबे,सीमा आचार्य,नीता चौबे,पुष्पा मेनारिया, अंजू तिवारी, कृष्णा तिवारी तथा विप्र बंधु श्री सुरेश पंड्या,सुनील व्यास,अरुण शर्मा, ब्रजेश जोशी,घनश्याम बटवाल, दिलीप दुबे,हरिनारायण शर्मा,मदन तिवारी,प्रहलाद पिंटू शर्मा,कमलेश नागदा,सावन शर्मा,ब्रजेश सनाध्य,भूपेंद्र शर्मा, जितेंद्र व्यास,नरेंद्र आचार्य,विनोद शर्मा, दीपक जोशी,सुनील पंचारिया, चंद्रकांत शर्मा,रविंद्र पांडे,प्रमोद पारीक, वैद्य ललित बटवाल,विनोद तिवारी, कैलाश, रूपेंद्र पंड्या,आत्मप्रकाश शर्मा, नानालाल शर्मा,रजनीकांत शुक्ला,सुरेश शर्मा, अशोक नागदा,सत्यपाल शर्मा,आदित्यराज शर्मा,हेमेंद्र दीक्षित, विश्वास दुबे,ईश्वर शर्मा,विष्णु प्रशाद आचार्य,भगवती प्रसाद भारद्वाज,नरेंद्र गौड,अनुराग अवस्थी,वीरेंद्र भट्ट,योगेश जोशी, मनोज व्यास,जगदीशचंद्र तिवारी, देवेंद्र जोशी,दिलीप जोशी, ललित भारद्वाज,अश्विन तिवारी, डा क्षितिज पुरोहित,राजेश शुक्ला सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन सुनील व्यास ने किया तथा आभार सुनील पंचारिया ने माना।

# सिंधिया फेन्स क्लब द्वारा कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि मनाई

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला सिंधिया फैंस क्लब द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश वासी महाराज माधवराव सिंधियाजी की 80 वीं जन्म जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में मनाई। स्थानीय जिला पंचायत परिसर स्थित पूर्व मंत्री केंद्रीय मंत्री कैलाश वासी महाराज माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री मदनलाल राठौर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री मुकेश काला, मंदसौर जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्षगण श्री अरविंद सारस्वत, श्री विनोद डगवार, श्री नेपाल सिंह, भाजपा के वरिष्ठजन एवं जिला पदाधिकारी श्री अजय सिंह चौहान, श्री राजू चावला, श्री शिवराज सिंह राणा, श्री नरेंद्र पाटीदार, श्री हिम्मत डांगी, श्री जीवन शर्मा, श्री निलेश जैन, श्री विजय गुर्जर श्री राजेश गुर्जर, श्री बाबा पंचोली, श्री विजय शर्मा पोपट, श्री निरांत बग्गा, पुलकित पटवा, श्री संदीप सिंह राठौर, श्री संजय राठौर, श्री पीयूष जैन पानवाला, श्री प्रकाश मारू, हर्ष शर्मा, किशोर चौधरी सहित जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा पदाधिकारीगण की उपस्थिति में कैलाश वाशी . महाराज के जीवन पर प्रकाश डाल उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पं दीक्षित ने कहा कि स्व. महाराज ऐसी शख्सीयत थे जिनकी बात दलगत राजनीति से उपर उठकर सुनी जाती थी। नैतिकता की बेमिसाल उदाहरण उन्होंने अपने मंत्रित्व काल में पेश किये। सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक श्री राठौर ने कहा कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया मध्यप्रदेश के कद्दावर नेताओं में गिने जाते थे। उनके बताये गये मार्ग पर श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया चलते हुए



आमजन की पीड़ा को दूर कर रहे है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री काला ने ने कहा कि स्व. महाराज का इस मालवा क्षेत्र से विशेष लगाव रहा। आज हमें दु:ख है कि महाराज हमारे बीच नहीं है। लेकिन श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के रूप में महाराज हमारे साथ अभी भी है। स्व. महाराज ने अपने अल्पकालिन रेल मंत्रित्व काल में मालवा को अभूतपूर्व सोगातों की नींव रखी। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि पीडित मानवता के लिये सिंधिया परिवार सदैव तत्पर रहा है। स्व. महाराज व उनके परिवार ने मालवा के नागरिकों की अपनी संतान के समान दु:ख-दर्द में सेवा की। अंत में आभार सिंधिया फैन्स क्लब के अध्यक्ष पियूष जैन ने व्यक्त किया।

# शशांक कदम भूगोल विषय से नेट/जेआरएफ परीक्षा में हुए उत्तीर्ण

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पीएम कॉलेजऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने बताया है कि भूगोल विभाग के एम.ए. (भूगोल) विषय के पूर्व छात्र एवं एन.एस.एस. वरिष्ठस्वयंसेवक शशांक कदम ने दिसम्बर 2024 में आयोजित नेट परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए जूनियर रिसर्च फैलोशिप हेतु क्वालीफाई किया है।



प्रकृति और संसार के बारे में जानने की जिज्ञासा ने स्नातक और परास्नातक में भूगोल विषय के अध्ययन के लिए प्रेरित किया, अध्ययन के साथ साथ एन.एस.एस , खेल, भाषण में विश्वविद्यालय का कई बार प्रतिनिधित्व किया, पिछले प्रयास यू.जी.सी नेट जून 2024 में केवल एक प्रश्न से चूक जाने के बाद भी अपने मनोबल को गिरने नहीं दिया और पुन: कठिन परिश्रम से नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक प्राध्यापक बनने की पात्रता हासिल की, वहीं जेआरएफ क्वालिफ़ाई कर पी.एच.डी. के दौरान प्राप्त होने स्कॉलरशिप की पात्रता को भी हासिल किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे, भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. वी. पी तिवारी, डॉ. शांतिलाल अहिरवार, एनएसएस जिला संगठक डॉ. के. आर. सूर्यवंशी, कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस डॉ. अनिल कुमार आर्य, डॉ. कैलाशचंद्र डाबर एवं एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवकों ने शशांक कदम को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सोम यज्ञ की तैयारी को लेकर महिला मण्डल की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 13 से 18 अप्रैल तक कालाखेत मैदान में होने जा रहे विराट सोमयज्ञ की व्यापक तैयारियों की श्रृंखला में श्री गोवर्धननाथ मंदिर जीवागंज में मातृशक्ति महिला मंडल की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सांसद सुधीर गुप्ता ने सोमयज्ञ का महत्व बताया।

उल्लेखनीय है कि वैष्णवाचार्य गोस्वामी श्री गोकुलोसव जी महाराज के सानिध्य एवं आचार्य गोस्वामी श्री व्रजोत्सव जी महाराज के मुख्य आचार्यत्व में सोम यज्ञ होगा, यह सभी यज्ञों में सबसे बड़ा यज्ञ है। इस बैठक में अनु नागर,अंजू तिवारी, संगीता खंडेलवाल, नीता चौबे,शशि झलौया, मालती गेहलोत, कल्पना डोसी, वंदना सोनी, संगीता मंडोवरा,पुष्पा माली ,श्रद्धा सोलंकी, किरण पारिख, मोना पारिख, भारती पाटीदार,रिया,वीणा, विद्या, भावना पारिख, रानू भावसार, नीता पारिख,निक्की नागर,रेखा नागर, मंजू जाट, राजू परिहार, रेणु पारिख,मधु



नागर, मधु नागर सुनीता नागर, सरिता, संगीता उमेश पारिख, हेमा पारिख, अर्चना पारिख, सुनीता बाहेती,संध्या शर्मा, निर्मला गुप्ता, पूजा गोठी, विद्या उपाध्याय, शांति फरक्या, नीरू नागर, सुनीता भावसार,मधु पारिख, प्रेमलता आचार्य आदि महिलाएं उपस्थित थीं। विभिन्न क्षेत्रों में चला बैठकों का दौर इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में बैठकों का दौर चलता रहा जिसमें तैयारी संबंधी चर्चा की गई। नई आबादी में राजेंद्र चाष्टा, रामटेकरी पर सुभाष गुप्ता तथा दशरथ नगर में निरांत बग्गा के निवास पर बैठक हुई जिनमें क्षेत्रीय निवासी सम्मिलित हुए और सभी ने सोमयज्ञ में बैठने की प्रसन्नतापूर्वक स्वीकृति दी। इसी प्रकार ब्राह्मण समाज के फाग उत्सव में दलोदा के मधुर मिलन गार्डन में और सायंकाल पंच कचैलिया तेली समाज के मंदिर प्रांगण में सामाजिक समरसता समारोह में सोम यज्ञ में सम्मिलित होने का आव्हान किया गया। सांसद सुधीर गुप्ता तथा श्री सोम यज्ञ आयोजन समिति से जुड़े सर्वश्री ब्रजेश जोशी, गौरव अग्रवाल विजय सुराणा, उमेश पारिख,जीतू भाई पारिख,डॉ. घनश्याम बटवाल, दाऊभाई विजयवर्गीय रमेश काबरा,अशोक पारिख, विनय पारिख, भगवान दास विजयवर्गीय, जवाहर लाल जैन,लक्ष्मी नारायण देवड़ा, प्रद्युमन शर्मा दीपक चौधरी महेश समंदर एड.के के बाहेती बिल्लू अग्रवाल, विकास भंडारी सीए,मनीष चौधरी, शेखर राव मराठा,आशीष सक्सेना,बंशी राठौर, जे सी पाटीदार,दिनेश चंद्र सक्सेना,प्रेम वल्लभ जोशी,रवींद्र पाटीदार,संजय यादव, सुरेश बग्गा, बाल कृष्ण दवे, एस एन शर्मा, दलौदा में धीरज पाटीदार, विकास सुराणा, ईश्वर पाटीदार, आदि उपस्थित थे। यह जानकारी जीतू पारिख ने दी

## घट-घट में बैठे श्रीराम परमात्मा की भक्ति से ही आत्म कल्याण होता है

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। समाजसेवी श्री त्रिलोचनसिंह छाबडा ने कहा कि महान संतो ने अपनी तप साधना से ज्ञानार्जन किया और बताया कि श्रीराम परमात्मा प्रत्येक व्यक्ति के अन्र्तमन मे विराजमान हैण् मन को संयमित कर जो श्रद्धा से भक्ति करता है उसे आत्मकल्याण की उपलब्धी मिलती है। भगवान विष्णु महाराज दशरथ के पुत्र श्री राम के रूप मे अवतरित हुए। श्री राम घट घट मे विराजमान है। वे सम्पूर्ण ब्रह्मांड के कण कण मे विद्यमान है। वे हर लोक मे विद्यमान है। वे सब मे रमे हुए है इसलिये उन्हे राम पुकारा जाता है। प्रत्येक आत्मा राम का ही स्वरूप है। आत्मा का न जन्म होता है न मृत्यु होती है । जो राम भक्ति मे लीन हो जाता है उसका जीवन सार्थक होता है। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि सतत परिश्रम, पुरूषार्थ व सक्रियता कभी निराश नही होने देती है। ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा, सकारात्मक दृष्टि और सह अस्तित्व का भाव जीवन को आनंदपूर्ण बनाते है। इसी का नाम अहिंसा व प्रेम है। वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि मां गंगाजी का प्रवाह भगवान शिवजी ने अपनी जटाओं में धारण किया इसलिये सबको निर्मल बनाती है। डॉ. बी.आर.नलवाया ने कहा कि सकारात्मक दृष्किोण ही जीवन में निरंतर प्रगति का सूत्र है। ऋषियानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रविन्द्र जोशी, आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा, श्री राजकुमार जसवंत ने विचार व्यक्त किये। श्री कृष्णकुमार जोशी ने गतिविधियो की जानकारी दी। श्री विनोद चैबे, श्री अभयकुमार जैन ने भजन प्रस्तुत किये। श्री मोहनसिंह चैहान, श्री कन्हैयलाल पण्ड्या, पं.प्रकाश दीक्षित, श्री भेरूलाल पटेल, श्री विजय मोरे, श्री ललित भारद्वाज, श्री योगेन्द्र जोशी, श्री शांतिलाल सोनी ने संवाद मे सहभागिता की। संचालन आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने एवं आभार प्रदर्शन समन्वयक श्री प्रकाश कल्याणी ने किया।

# जल सेवा मानव सेवा का श्रेष्ठकार्य-सांसद गुर्जर

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा जल मंदिर का शुभारंभ

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गर्मी के मौसम में प्यासे कंठ को शीतल जल मिले इससे बढ़कर और सेवा का पुनीत कार्य क्या हो सकता है। जल सेवा मानव सेवा का यह श्रेष्ठसेवा कार्य प्रत्येक समाज को प्रेरणा लेकर करना चाहिए और जल सेवा का कार्य प्राचीन काल से समाज में होता आ रहा है उपरोक्त उद्गार गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज मंदसौर द्वारा स्व. त्रिभुवन चांदमल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित जल मंदिर के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने व्यक्त किये।

मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर महर्षि गौतम का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का फीता काटकर अपने हाथों से जल पिलाकर शुभारंभ किया। स्वागत भाषण पंडित प्रहलाद शर्मा पेंटर ने दिया। अतिथियों का स्वागत जी.के. व्यास साख सहकारी संस्था अध्यक्ष, मोहनलाल शर्मा पंचायत अध्यक्ष, रमेश चंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष, प्रहलाद शर्मा शहर पंचायत अध्यक्ष,



सुरेंद्र त्रिवेदी सचिव, मोहनलाल जोशी, पंडित कृष्ण वल्लभ शास्त्री, गिरीश व्यास, सुरेशचंद शर्मा, डॉ दिनेश तिवारी, अनिल द्विवेदी, जगदीश शर्मा, दुर्गा शंकर जोशी, नरेंद्र कुमार शर्मा, किशोर कुमार शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा गैस, ललित पंचारिया, गोपाल पंचारिया, कमलेश पंचारिया, पंडित घनश्याम शर्मा,राजकुमार शर्मा, जय कुमार शर्मा, हेमंत शर्मा, हनी शर्मा, महिला सभा से पार्वती बाई पंचारिया, चंद्र प्रभा शर्मा, मंजू उपाध्याय, रेखा पंचारिया, कृष्णा पंचारिया, विजयलक्ष्मी पंचारिया, पिंकी पंचारिया, नीतू शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पंडित गोपाल पंचारिया ने किया एवं आभार प्रदर्शन जय कुमार शर्मा ने माना।



# विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा 08 वाहनों से उतरवाये हूटर/सायरन

**नीमच, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। पुलिस मुख्यालय द्वारा आदेशित विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस नीमच द्वारा वाहनों में अवैध तौर पर लगे हूटर / सायरन, विधिवत नंबर प्लेट ,लाल, नीली, पीली बत्ती, व्हीआईपी स्टीकर लगे वाहनों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है।**

पुलिस अधीक्षक नीमच श्री अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक रंजन के निर्देशन में यातायात प्रभारी उर्मिला चौहान, सूबेदार धर्मेंद्र सिंह गोर व यातायात की टीम द्वारा लगातार पुलिस मुख्यालय के आदेश अनुसार वाहनों की चेकिंग की जाकर वाहनों में लगे हूटर /सायरन के साथ-साथ लाल, नीली, पीली बत्ती, व्हीआईपी स्टीकर लगे वाहनों व नंबर प्लेट विधिवत नहीं होने या वाहनों में अन्य प्रकार की पदनाम जैसी नंबर प्लेट लगी होने पर चालानी कार्यवाहियां की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा 8 वाहनों पर अवैध तरीके से लगाए गए हूटर / सायरन हटवाए जाकर चालानी कार्यवाही की गई, वहीं व्हीआईपी स्टीकर लगाकर वाहन चलाने वाले 3 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 48 ऐसे वाहनो पर कार्रवाई की गई जिन पर विधिवत नंबर प्लेट ना हो करके अन्य पदनाम व गलत तरीके से नंबर प्लेट लगाई गई थी कार्यवाही की जाकर 31500 रुपए समन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय के आदेश अनुसार लगातार आगे भी वाहनों की चेकिंग की जाकर सायरन /हूटर, लाल, नीली, पीली बत्ती, नंबर प्लेट के विरुद्ध चालानी कार्यवाही जारी रहेगी।





# पश्चिमी मध्य प्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन में अंकित सारड़ा बने प्रदेश कोषाध्यक्ष

**मनासा, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पश्चिमी मध्य प्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश निर्वाचन के परिणामों की घोषणा मनासा में हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू, युवा संगठन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जी इनानी मुख्य निर्वाचन अधिकारी मधुसूदन जी मुंगड़ ,प्रदेश सभा, प्रदेश महिला संगठन पदाधिकारी नीमच जिले के सभी युवा साथियों की उपस्थिति में संपन्न हुए।

माहेश्वरी युवा संगठन नीमच जिलाध्यक्ष मोहित सारडा ने बताया आज नीमच के मनासा में अखिल भारतीय युवा संगठन से श्री अविनाश जी अजमेरा को पर्यवेक्षक के रूप में भेजा गया उनके समक्ष निर्वाचन अधिकारी द्वारा मनासा निवासी अंकित सारडा को प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित होने पर प्रमाण पत्र सोपा गया। सभी पद पर नियुक्त हुए पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई अन्त में कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथि एवं युवा साथियों का आभार नीमच जिला सचिव सूचित जी सोनी द्वारा किया गया मंच का सफल संचालन नवयुवक मंडल सचिव सुलेख बाहेती द्वारा किया गया।

# जिले में मिलजुल कर शांति एवं सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने की परम्परा हमेशा कायम रहे-चंद्रा

**नीमच, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आगामी होली, रंग पंचमी एवं रंग तेरस पर सूखे अच्छे किस्म के रंगो से होली खेले, जबरन किसी पर रंग ना डाले। होलिका दहन के लिए हरे पेड़ नहीं काटे। बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन ना करें। पानी के अपव्यय को रोके। ऑखों एवं शारीरिक क्षति पहुंचाने वाले रंगों का उपयोग ना करें। यह अपील सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने जिलेवासियों से की है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सदस्यों को आगामी त्यौसहारों पर चाक-चौबंद व्यवस्था का भरोसा दिलाया।





बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिह चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़, एसडीएम संजीव साहू, सभी एसडीओपी, सहित अन्य, जिला अधिकारी एवं शांति समिति सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने जिलेवासियों से आगामी अप्रेल माह तक आने वाले सभी धर्मो के त्यौहार आपसी प्रेम-भाईचारे के साथ परंपरानुसार मनाने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिह चौहान ने कहा, कि हम सभी त्यौहारों को मिलजुल कर उत्सव के रूप में मनाए। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कहा, कि त्यौहारों पर जिले में शांति व सौहार्द की परम्परा कायम रही है,और इसे हमेशा कायम रखना हम सभी का दायित्व भी है। शांति समिति सदस्य, शांति व्यवस्था बनाये रखने में बडा योगदान देते है। कलेक्टर ने त्यौहारों पर आयोजकों से स्वयं सेवक तैनात कर, उनकी सूची एसडीएम एवं पुलिस थानों को देने की बात कही, जिससे कि व्यवस्था बनाये रखने में मदद मिल सके। नगरपालिका अधिकारी को निर्देश, दिए, कि होलिका दहन एवं धुलेंडी के दिन गैर निकलने के उपरांत शहर में विभिन्नन स्थानों पर तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। एसपी ने सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं असत्य, फेक न्यूज पर ध्यान नहीं देने और आपत्तिजनक सामग्री फोटो, वीडियों को शेयर नहीं करने का भी आगृह किया। कलेक्टर ने कहा, कि परिक्षाओं को दृष्टिगत रख ध्वनि विस्तारक यंत्रों का सीमित उपयोग किया जाए। उन्होने कहा, कि अस्पतालों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का आयोजन करने की अनुमति नहीं रहेगी।

बैठक में कलेक्टर ने नगरपालिका एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को होलीका दहन वाले स्थानो का संयुक्त भ्रमण कर आवश्यकतानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। नगरपालिका को सडकों के गड्ढों की भराई करवाने, पर्याप्त पेयजल, प्रकाश एवं साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, विद्युत विभाग को विद्युत तार को दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को त्यौहार के दौरान जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर इमरजेन्सी चिकित्सा व्यवस्था के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने कहा, कि उक्त त्यौहारों पर पुलिस की माकुल व्यवस्था रहेगी। आयोजक जुलूस, गैर रैली, जलसों आदि की पूर्व सूचना प्रशासन को देकर, अनुमति अवश्य प्राप्त करें। बडे जुलूस, जलसों के लिए आयोजक अपने स्तर से वालेंटियर की व्यवस्था कर, उनकी सूची भी पुलिस को उपलब्धं करवाएं। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग व्दारा आई नीमच के तहत नीमच जिले में 1500 सीसीटीव्ही कैमरे जन सहयोग से लगाए गए है। उन्होने सीसीटीव्ही कैमरे लगाने के कार्य में सहयोग करने का आव्हांन किया। बैठक में समिति सदस्य महेन्द्र भटनागर, हेमंत हरित, रघुराजसिह चौरडिया, राजकुमार अहीर, संजय पंवार, बाबूलाल नागदा, जनरेलसिंह चौहान, इकबाल कुरैशी, दर्शनसिह गांधी, इस्माईल कुरैशी, विष्णु परिहार, रंजन स्वामी सहित उपस्थित समिति सदस्यो ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए, सामाजिक समरसता के साथ सभी त्यौहार मनाने में अपना योगदान देने व प्रशासन को हर-संभव सहयोग करने का विश्वास दिलाया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 5 | 2195 | 2451 |
| उडद | 7 | 4500 | 6200 |
| सोयाबीन | 5125 | 3700 | 4054 |
| गैहु | 9000 | 23000 | 2825 |
| चना | 1016 | 4600 | 5490 |
| मसुर | 252 | 5100 | 5960 |
| धनिया | 715 | 4600 | 7501 |
| लहसुन | 21000 | 2000 | 6100 |
| मैथी | 1124 | 3990 | 5451 |
| मुंगफली | 926 | 4101 | 4901 |
| अलसी | 1063 | 5520 | 5950 |
| सरसो | 1001 | 4991 | 5521 |
| तारामीरा | 5 | 4500 | 4750 |
| इसबगोल | 40 | 10000 | 12151 |
| प्याज | 2769 | 550 | 1901 |
| कलोंजी | 1 | 14880 | 14880 |
| तुलसी बीज | 2 | 13501 | 13501 |
| डॉलर | 16 | 7000 | 7900 |
| तिल्ली | 7 | 8000 | 8200 |
| जौ | 85 | 2000 | 2110 |
| मटरसुखी | 40 | 3710 | 4120 |
| असालीया | 280 | 6510 | 6921 |
| चियाबीज | 90 | 6500 | 13911 |

# जीआईएस-भोपाल से स्पीड-अप होने लगा ईवी और ऑटोमोबाइल सेक्टर-मुख्यमंत्री



**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जीआईएस भोपाल के शुभारंभ पर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण की बढ़ती संख्या को मध्यप्रदेश में ईवी क्रांति की बढ़ती स्वीकार्यता और निवेशकों के लिए इसमें अपार संभावनाओं को रेखांकित किया था। मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल और ईवी के क्षेत्र में न केवल निर्माण बल्कि नवाचार और अनुसंधान के हब के रूप में उभर रहा है। सरकार निवेशकों को हरसंभव सुविधाएं प्रदान कर रही है। मध्यप्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऑटोमोबाइल सेक्टर को जबरदस्त गति मिल रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) भोपाल के मंच से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को इस क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

**प्रदेश में स्थापित होंगे ईवी और ऑटोमोबाइल विकास के नए आयाम–** जीआईएस-भोपाल में देश-विदेश की प्रमुख ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियों ने हिस्सा लिया। वर्तमान में प्रदेश में 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माता कंपनियां कार्यरत हैं और 200 से अधिक कंपनियां वाहन कल-पुर्जों का निर्माण कर रही हैं। वाणिज्यिक वाहन निर्माण में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, जबकि बस और ट्रैक्टर निर्माण में यह दूसरे स्थान पर है। जीआईएस- भोपाल में ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान इलेक्ट्रो-ग्रेफाइट (एचईजी) ने 1,800 करोड़ रुपये के निवेश का करार किया। देवास में बनने वाले इस संयंत्र में ग्रेफाइट एनोड का उत्पादन होगा, जिससे ईवी बैटरियों की लागत में कमी आएगी और उद्योग को नया प्रोत्साहन मिलेगा।

**पीथमपुर बन रहा भारत का 'डेट्रॉयट'**–मध्यप्रदेश का पीथमपुर ऑटो-क्लस्टर लगभग 4,500 हेक्टेयर में फैला हुआ है और यह देश के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल केंद्रों में से एक बन चुका है। यहां फोर्स मोटर्स, आयशर मोटर्स, एवीटीएसी मोटर्स, काइनेटिक मोटर्स जैसी दिग्गज कंपनियां कार्यरत हैं। साथ ही, 60 से अधिक ऑटो कल-पुर्जा निर्माता कंपनियां यहां अपने उत्पाद बना रही हैं। पीथमपुर में स्थित एशिया का सबसे लंबा हाई-स्पीड टेस्टिंग ट्रैक नैट्रैक्स (11 किमी) वाहन परीक्षण के लिए अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जो इसे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाता है।

**एमपी मोबिलिटी एक्सपो 2025: नवाचार और निवेश का केंद्र**– जीआईएस समिट में एमपी मोबिलिटी एक्सपो-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रिजस्टोन, जेडएफ स्टीयरिंग, मदरसन गेबियल, आनंद इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों ने भाग लिया। एक्सपो में सुपर कार और सुपर बाइक प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विभिन्न स्टार्ट-अप्स ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए, जिससे प्रदेश में नई तकनीकों के समावेश को बढ़ावा मिला।

**ईवी और सस्टेनेबल मोबिलिटी की दिशा में कदम**–मध्यप्रदेश ईवी बैटरी निर्माण, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और हाइड्रोजन फ्यूल इनोवेशन में तेजी से निवेश आकर्षित कर रहा है। स्वच्छ और सस्टेनेबल ऑटोमोबाइल निर्माण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार विशेष नीतियां लागू कर रही है।

**प्रदेश में निवेश के लिए ऑटोमोबाइल और ईवी निवेशकों में उत्साह**–मध्यप्रदेश सरकार ऑटोमोबाइल सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कर-प्रोत्साहन, शीघ्र अनुमोदन प्रक्रिया और उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा दे रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश के ऑटोमोबाइल और वाहन कल-पुर्जा क्षेत्र ने 19.2 करोड़ डॉलर मूल्य का निर्यात किया। इससे प्रदेश को राजस्व प्राप्त हुआ और हजारों नए रोजगार के अवसर सृजित हुए।

**प्रमुख कंपनियों की भागीदारी**– जीआईएस-भोपाल में ऑटो मोबाइल और इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर में काम कर रही प्रमुख कंपनियों ने हिस्सेदारी की। ऑटो-एक्सपो में ब्रिजस्टोन, जेडएफ स्टीयरिंग, बाडवे इंजीनियरिंग, मदरसन गेबियल, पिस्टल देवास, आनंद इंडस्ट्रीज, झालानी इंजीनियर्स, एसडी एक्सेल प्रा. लिमिटेड, जगतजीत इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड, वी.ई. कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड और पिनेकल इंडस्ट्रीज शामिल थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किईवी-मोबिलिटी के विस्तार से मध्यप्रदेश में कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन नीति को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे राज्य न केवल आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर होगा, बल्कि हरित ऊर्जा और सतत् विकास की दिशा में भी मिसाल कायम करेगा।





# स्वामी वरूणेन्द्र तीर्थ युवाचार्य सड़क दुर्घटना में घायल

## भानपुरा पीठ के शंकराचार्य एवं युवाचार्य के साथ हो रहे हादसों को लेकर देशभर में आक्रोश

**नीमच, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ के युवाचार्य स्वामी वरूणेन्द्र तीर्थ बीती 8-9 मार्च को सागर जिले में वाहन दुर्घटना में बाल-बाल बचे। वे बीती 8 मार्च को मंदसौर पुलिस अधीक्षक अभिशेक आनंद के भोपाल में आयोजित पारिवारिक उत्सव में आशीर्वचन देकर ललितपुर (उ.प्र.) के लिए सडक मार्ग से प्रस्थान कर रहे थे। भोपाल से 10-15 किलोमीटर दूर उनके वाहन को असामाजिक तत्वों द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। कुछ देर नजदीकी पेट्रोल पम्प पर वाहन को रोककर पुन: आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान किया, रात्रि 2 बजे सागर जिले के ग्राम मालथौन थाना क्षेत्र के बेसरा गांव में हाईवे पर सामने की ओर से अज्ञात लोगों ने वाहन पर कुछ धारदार वस्तु या पदार्थ फेंका जिससे गाडी का पिछला टायर क्षतिग्रस्त होकर फूट गया और गाडी अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी और खेत में घुस गई, जिससे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वाहन में सवार युवाचार्य वरूणेन्द्र तीर्थ एवं उनके साथ दो सेवादारों को भी चोटें आई हैं।

ज्ञात रहे कि पूर्व में शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंदजी तीर्थ पर अनेकों बार हमले व जान से मारने की धमकी की वारदातें हुई हैं। अब युवाचार्य वरूणेन्द्र तीर्थ के साथ रैकी कर वाहन दुर्घटना को अंजाम देने की वारदात सामने आई है। जिससे देशभर में ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ के शिश्यों एवं भक्तों में आक्रोश व्याप्त है। परम पूज्य शंकराचार्य ज्ञानानंद जी तीर्थ एवं युवाचार्य वरूणेन्द्र तीर्थ हमारे देश के धर्म व आध्यात्मिक जगत की अनमोल विभूति हैं। आपकी उच्च कोटि की विद्वत्ता एवं तत्वार्थ ज्ञान से देश-विदेश के सनातनी श्रद्धालु सतत लाभान्वित होते हैं। बार-बार होते इन घातक हमलों, धमकियों एवं दुर्घटनाओं से संपूर्ण देश के श्रद्धालु भक्तों और अनुयायियों के मन में आक्रोश है। सनातन धर्म के सर्वोच्च पद पर आसीन शंकराचार्य एवं युवाचार्य की सुरक्षा को लेकर मध्यप्रदेश एवं केन्द्र सरकार द्वारा बरती जा रही लापरवाही बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिन्दुत्व और सनातन की बात करने वाली सरकारें फिल्मी सितारों और अपने चहेतों को सुरक्षा दे रही है, लेकिन सनातन धर्म के सर्वोच्च पद पर आसीन शंकराचार्य एवं युवाचार्य के साथ हो रही घटनाओं और निरंतर सुरक्षा देने की मांग के बावजूद सुरक्षा और राजकीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि अपनी सुरक्षा के विषय में पूज्य शंकराचार्य एवं युवाचार्य द्वारा सरकार से अनेकों बार पत्राचार किया जा रहा है, किंतु उन्हें बिल्कुल भी सुरक्षा प्रदान नहीं की गई है। केंद्र और मध्यप्रदेश की सरकारों द्वारा उनकी सुरक्षा के प्रति इसी तरह उदासीनता बरती जाने से उन पर हमले व धमकियों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। समय रहते सरकार को पूज्य शंकराचार्य एवं युवाचार्य की सुरक्षा के पुख्ता प्रबन्ध तत्काल किए जाने चाहिए। ऐसे विद्वत महापुरुषों का मान सम्मान सुरक्षा और गरिमा में कोई कमी नहीं रहना चाहिए। केंद्र सरकार तथा मध्य प्रदेश सरकार से संपूर्ण सनातन समाज यह मांग करता है कि पूज्य शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंदजी तीर्थ एवं युवाचार्य वरूणेन्द्रजी तीर्थ को समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं राजकीय अतिथि का दर्जा प्रदान किया जाए।



## खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मनासा में दो संस्थानों से खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

**मनासा, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं एसडीएम श्री पवन बारिया के निर्देशानुसार सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा द्वारा मनासा स्थित दो फर्म जिसमें अजय टी स्टॉल (सत्तू काका की दुकान) गांधी चौक सुनारों की गाली व विजयवर्गीय कुल्फी भंडार पुराना बस स्टैंड सब्जी मंडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कर फर्म अजय टी स्टॉल (सत्तू काका की दुकान) गांधी चौक सुनारों की गाली से तीन नमूने जिसमें से एक नमूना आम पाक, एक नमूना गुलाब जामुन व एक नमूना सेव नमकीन के तथा फर्म विजयवर्गीय कुल्फी भंडार पुराना बस स्टैंड सब्जी मंडी से एक नमूना कुल्फी का लिया गया।।जिनको जांच हेतू प्रयोगशाला को भेजा जाएगा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही ही जाएगी इस तरह की कार्यवाही जिले में निरन्तर जारी रहेगी।

## मप्र में 10 प्रतिशत महंगी हो सकती है शराब

### टैक्स बढ़ने के बाद 350 रुपए प्रूफ लीटर वाली हो जाएगी 385 की

**भोपाल, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में शराब के दाम 10 प्रतिशत बढ़ सकते हैं। वजह यह है कि राज्य सरकार ने शराब पर 10 प्रतिशत वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) बढ़ाने का निर्णय लिया है। उदाहरण के लिए शराब पर वैट 350 रुपये प्रूफ लीटर था, 10 प्रतिशत बढ़ोतरी करने पर यह 385 रुपये प्रूफ लीटर हो जाएगा। बता दें कि एक लीटर के बराबर एक प्रूफ लीटर होता है।

हालांकि, वैट बढ़ाने के साथ ही आबकारी विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि शराब निर्माता कंपनी मनमाने तरीके से शराब का मूल्य नहीं बढ़ा सकेंगी। दरअसल, शराब निर्माता कंपनी का तर्क होता है कि उनकी शराब विभिन्न राज्यों में विक्रय की जाती है। ऐसे में दूसरे राज्यों से तुलना कर शराब की कीमत में वृद्धि की जाती है। लेकिन अब शराब की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और (एमआरपी) मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्यों में शराब पर वैट और कीमत की तुलना कर जो राज्य के अनुकूल होगा, उसके आधार पर ही शराब का मूल्य तय किया जाएगा।

**31 जिलों में शराब के ठेकों की ई-टेंडरिंग और बिड से होगी नीलामी**–मध्य प्रदेश में 21 जिलों में शराब ठेकों की 100 प्रतिशत नीलामी की जा चुकी है। 81 समूहों ने शराब के ठेके उठाए हैं। अब 31 जिलों में शराब के ठेके होना है। नीलामी की प्रक्रिया के बावजूद जबलपुर और दमोह सहित अन्य जिलों में ठेके नहीं उठ पा रहे हैं। यहां ई-टेंडरिंग और बिडिंग से नीलामी की जाएगी।

## अवैध पिस्टल व कारतूस रखने वाले 02 आरोपियों को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री अंकित जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच के द्वारा अवैध रूप से पिस्टल व जिंदा कारतूस रखने वाले दो आरोपीगण (01) अनवर हुसैन उर्फ अन्नू कालिया पिता युनुस शेख, उम्र-36 वर्ष, निवासी-घोसी मोहल्ला, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तोडगढ (राजस्थान) एवं (02) फिरोज खान उर्फफिरोज लाला पिता डेरान खान, उम्र-40 वर्ष, निवासी-पुरानी ईदगाह मस्जिद के पास, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तोडगढ (राजस्थान) को धारा 25(1-बी)(ए), 27 आयुध अधिनियम, 1959 के अंतर्गत 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाली एडीपीओं श्रीमती कीर्ति शर्मा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 07 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 22.10.2018 को उपनिरीक्षक अमित सारस्वत द्वारा मुखबिर ने सूचना के आधार पर एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो कार से स्टेशन रोड पर नाकाबंदी करके आरोपी अनवर हुसैन उर्फ अन्नु कालिया के कब्जे से 01 देशी पिस्टल मय 02 जिन्दा राउन्ड जप्त किये गये। आरोपी के विरूद्ध अपराध को पंजीबद्ध किया गया तथा अपराध की अग्रीम विवेचना निरीक्षक आमप्रकाश तंतवार द्वारा की गई, जिन्होंने आरोपी अनवर से की गई पुछताछ के आधार पर आरोपी फिरोज लाला के घर से 01 देसी पिस्टल व जिंदा कारतूस को जप्त किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय नीमच में पेशी किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में जप्तीकर्ता अधिकारी, विवेचक व पंचसाक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्रीमती कीर्ति शर्मा, एडीपीओ द्वारा की गई।

### मंदसौर में एसआई के पद पर रहे जितेंद्र गढ़वाल सहित सभी के खिलाफ...

# न्यायालय में सबूत पेश, चरस तस्करी में फंसाया..?

**भोपाल, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस। भ्रष्टाचार और फर्जी कार्रवाई के आरोप में निलंबित मंदसौर में एसआई के पद पर पदस्थ रह चुके भोपाल में पदस्थ थाना प्रभारी (टीआई) जितेंद्र गढ़वाल और उनके सहयोगी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया है। आरोप है कि थाने के पुलिसकर्मियों ने जुआ संचालक से हफ्ता वसूली के लिए दबाव बनाया और जब रकम नहीं मिली। तो फरहान खान नामक युवक पर चरस तस्करी का झूठा आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया।**

एडवोकेट शारिक चौधरी का कहना है कि पुलिस की फर्जी कार्रवाई के पुख्ता सबूत कोर्ट में पेश कर दिए गए हैं, यह पूरी साजिश निलंबित टीआई जितेंद्र गढ़वाल के इशारे पर रची गई थी। मामले में फरहान की पत्नी रेशमा ने कोर्ट में सीसीटीवी फुटेज और ऑडियो रिकॉर्डिंग पेश की है और कहा कि इन वीडियो से साबित होता है कि पुलिसकर्मियों ने फरहान को पहले ही हिरासत में ले लिया था और बाद में रेलवे ट्रैक से गिरफ्तारी दिखा दी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार फरहान को 28 जनवरी की रात 10:30 बजे रेलवे ट्रैक के पास से चरस की डिलीवरी देने के दौरान पकड़ा गया। लेकिन, सीसीटीवी फुटेज में उसे उसी दिन सुबह 11:30 बजे पुलिसकर्मी बाइक पर ले जाते नजर आ रहे हैं।

### दो लाख रूपए रिश्वत की मांग, न देने पर कर दिया फर्जी मामला दर्ज...

रेशमा का आरोप है कि पुलिस ने फरहान पर कार्रवाई रोकने के बदले 02 लाख रुपए मांगे थे। जब उसने पैसे नहीं दिए, तो पुलिस ने फरहान पर झूठा केस बनाकर उसे जैल भेज दिया। इस दौरान, पुलिस ने जब्ती पत्रक भ यह कहते हुए रेशमा को थमा दिया था कि अगर पैसे दे दिए तो कार्रवाई नहीं होगी। बाद में रेशमा ने इस असली जब्ती पत्रक को एसपी सुरभि मीणा के पास विधिवत जमा कर दिया, जिसे अब कोर्ट में भी प्रस्तुत किया गया है।

### देवर को भी फंसाने की साजिश, डर के कारण की खुदकुशी की कोशिश...

रेशमा के मुताबिक, पुलिस उसके देवर अली अब्बास को भी फर्जी केस में फंसाने की तैयारी में थी। लगातार दबिश के कारण अली ने 01 फरवरी को जहरीला पदार्थ खा लिया। भ्रष्टाचार का मामला दर्ज होने के बाद टीआई जितेंद्र गढ़वाल अंडरग्राउंड हो चुके हैं। जबकि, उनके सहयोगी अजय और लोकेंद्र के खिलाफ तमाम शिकायतों के बावजूद वे अब भी ऐशबाग थाने में तैनात हैं। इस मामले में अब कोर्ट की सुनवाई अहम साबित होगी।



## मंदसौर स्वर्णकार सराफा एसोसिएशन का हुआ गठन

### अध्यक्ष अजय चौधरी बनाये गये

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर स्वर्णकार सराफा एसोसिएशन के गठन हेतु एक बैठक आयोजन मध्यप्रदेश स्वर्णकला बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा श्री दुर्गेश सोनी रेहडी के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश स्वर्णकला बोर्ड के सदस्य श्री अजय सोनी एवं श्री शांतिलाल सोनी रिण्डा की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के सराफा व्यापारी एवं कारीगर बन्धु उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वानुमति से मंदसौर स्वर्णकार सराफा एसोसिऐशन का गठन किया जिसमें एसोसिऐशन के अध्यक्ष अजय चौधरी को बनाया गया। बैठक में अजय चौधरी को एसोसिऐशन के अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन करने हेतु अधिकृत किया गया। इस अवसर पर नवीन अध्यक्ष अजय चौधरी ने कहा कि एसोसिऐशन द्वारा स्वर्णकार समाज के सराफा व्यापारियों के हित के लिये कार्य किये जायेंगे तथा मुझे जो जिम्मेदारी समाज के वरिष्ठजनों ने प्रदान की है उसका मैं पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करूंगा।

## सामाजिक समरसता मंच का होली मिलन समारोह संपन्न

**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक समरसता मंच का होली मिलन समारोह रविवार 9 मार्च को पंच क्चेलिया राठौर(तेली) समाज की धर्मशाला पर संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा सुरेंद्र कुमार(वरिष्ठप्रचारक तथा मध्य क्षेत्र के सामाजिक सद्भाव क्षेत्र प्रमुख)थे कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार राठौर ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में भागवताचार्य पंडित विष्णु शर्मा तथा जसवंदर सिंह ठकराल(सामाजिक सद्भाव प्रांत सह संयोजक) उपस्थित थे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा मां भारती की आरती की गई।तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज बंधुओं को संबोधित करते हुए डा सुरेंद्र कुमार ने कहा की सबके साथ चलना तथा सबको साथ लेकर चलना ही समरसता है।

उन्होंने कहा की पताका सभी को लगाना चाहिए क्योंकि पताका लगाना बड़ा संकेत देता है वो सब को जोड़ती है अनजान व्यक्ति भी पताका देखकर अपने को सुरक्षित महसूस करता है समाज में लाठी और गमछे का बड़ा महत्व है बस व्यक्ति को उसका उपयोग करना आना चाहिए उन्होंने कहा कि स्नान गंगा का,आचमन यमुना का,दर्शन नर्मदा का होना चाहिए गंगा मैया समरसता का प्रतीक है वो पूरे समाज का पोषण करती है केवल गंगा नदी ही ऐसी है जिसके सागर में मिलने से उसका सागर का नाम गंगासागर हो जाता है ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में सभी समाज के समाज बंधु ,मातृ -शक्ति उपस्थित थे।कार्यक्रम पश्चात सभी समाजजनो ने समरसता भोज किया। कार्यक्रम में अतिथि परिचय लखन बैरागी ने कराया तथा एकल गीत राजा सोनी ने लिया तथा अतिथियों का स्वागत अमरजीत सिंह चावला टीटू,आनंद तंवर, करण परिहार ने किया कार्यक्रम का संचालन अमित रावलिया ने किया तथा आभार जयदेव सिंह चौहान ने माना।

## बीए कर्मयोगी कार्यक्रम पर कार्यशाला और मंथन सत्र सम्पन्न



**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर मंदसौर में बी ए कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला और मंथन सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के छात्रों और प्रोफेसरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न चुनौतियों की पहचान करना और उनके समाधान पर विचार करना था।

कार्यशाला का उद्घाटन कॉलेज के डीन, डॉ. आई. एस. तोमर ने किया। डॉ. तोमर ने अपने उद्घाटन भाषण में कार्यक्रम की महत्ता पर जोर दिया और बताया कि इस प्रकार के सत्र विद्यार्थियों और प्रोफेसरों के बीच विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए जरूरी होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मयोगी कार्यक्रम न केवल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए, बल्कि समाज की बेहतरी के लिए भी महत्वपूर्ण है। कार्यशाला के दौरान, छात्रों और प्रोफेसरों ने संस्थान की प्रगति के लिए विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए समाधान सुझाए। छात्रों ने भी अपने विचारों को साझा किया और बताया कि किस तरह से वे संस्थान के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से प्राप्त कर सकते हैं। कई छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि किस तरह से उन्हें अपनी शिक्षा के दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ा, और इसके समाधान के लिए वे क्या कदम उठा सकते हैं। कार्यशाला में प्रोफेसर और छात्रों के बीच संवाद ने सकारात्मक माहौल को जन्म दिया और सभी ने मिलकर चुनौतियों के समाधान के लिए व्यावहारिक तरीके प्रस्तावित किए। अंत में, डॉ. आई. एस. तोमर ने सभी के योगदान की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के सत्र आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि छात्रों की सोच और दृष्टिकोण को विस्तार मिले।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति के...

पेज 1 से जारी

लिए चुना गया। प्रशांत के लिखे गीत को प्रसिद्ध गायक अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी। प्रशांत के लिखे पहले गाने ने ही बॉलीवुड में धूम मचा दी। और उन्हें इंडस्ट्री के बड़े बड़े गीतकार के बीच आईफा का बेस्ट गीतकार का अवार्ड मिला।आईफा अवार्ड से पहले प्रशांत को तीन अन्य म्यूजिक संस्थाओं ने भी बेस्ट गीत के लिए अवार्ड से नवाजा। इसके साथ ही साल 2024 में प्रशांत के इस गीत पूरे साल नंबर एक पर ट्रेंड किया। पांडे की इस उपलब्धि पर नगर सहित क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का माहौल है।

# अंग्रेजों ने समाज को विघटित करने का काम किया-राठौर

## सेवा भारती समिति की बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 10 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सेवा भारती समिति द्वारा एक बैठक बंजारी बालाजी पानपुर पर आयोजित की गई बैठक के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ञवलन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह श्री रामेश्वर धाकड ,सेवा विभाग के विभाग प्रमुख नारायण सिंह राठौर एवं सेवा भारती के अध्यक्ष विश्वास व्यास मंचासीन रहे अतिथियों का स्वागत सेवा भारती समिति की उपाध्यक्षा डॉ अलका अग्रवाल,कोषाध्यक्ष पिंकेश चोरडिया समिति सदस्य श्रीमती निवेदिता नाहर,विजय सुराणा ,मिथुन वप्ता ने किया ।समिति अध्यक्ष ने स्वागत उद्बोधन दिया कार्यक्रम का संचालन सचिव गिरिजा शंकर मोदी ने किया एवं बताया कि समिति द्वारा 12 संस्कार केंद्र जिले में एवम स्वालंबन का एक प्रकल्प वर्तमान में नियमित संचालित हो रहा है।

विभाग सेवा प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए संगठित समाज एवं शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र को परम वैभव पर पर ले जाया जा सकता है सेवा भारती समिति मंदसौर द्वारा समाज के वंचित पीड़ित बच्चों को लेकर एक छात्रावास प्रारंभ करने की योजना पर विचार करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया सेवा भारती द्वारा पूरे देश में 179000 सेवा कार्य संचालित हो रहे हैं अंग्रेजों ने समाज को विघटित करने का जो घृणित कार्य किया और अलग अलग समाजो को एक विशेष कुरुति से जोड़ दिया ताकि समाज उस समाज विशेष को घृणित दृष्टि से देखने लग जाय और इस षड्यंत्र में अंग्रेज सफल भी हुए हमे सही दिशा व मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य एवं शिक्षा से वंचित किए गए समाज को पुन: मुख्य धारा में लाने का प्रयास सेवा के माध्यम से किया जा रहा है सेवा कार्य संघ प्रारंभ से कर रहा है हमारी मूल संस्कृती में ही सेवा भाव है समाज के वंचित लोगों के बीच सेवा कार्य अनेक माध्यमो से संघ करता ही है। घुमंतू कार्य के प्रांत प्रमुख श्री रवि बुंदेला ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल कार्य समाज को संगठित कर सर्वांगीण विकास समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करना एवं परम वैभव राष्ट्र को ले जाना ही मुख्य लक्ष्य है। विभाग कार्यवाह श्री रामेश्वर धाकड़ ने कहा कि इस छात्रावास को लेकर लंबे समय के बाद यह अवसर आया है इसमें हमारी स्वयं की क्या भूमिका हो सकती है यह हम सभी को तय करना है छात्रावास में प्रवेश चयन प्रक्रिया द्वारा दिया जावेगा जिससे से पढ़ाई में रुचि रखनेवाले बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराना जिससे अच्छा परिणाम प्राप्त हो आने वाले भविष्य में कौशल विकास के कार्य को भी इसके माध्यम से जोड़ा जाएगा। बैठक में घुमंतू कार्य प्रान्त सह संयोजक चेनराम जैन,बंजारी बालाजी जन सेवा न्यास पानपुर के सचिव बसंत शर्मा, विभाग व्यवस्था प्रमुख कृष्ण स्वरूप भटनागर, महाविद्यालयिन कार्य विभाग संयोजक संजय भाटिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आवश्यकता है
फिल्ड वर्क के लिए लड़के की
आयु सीमा-18 से 25 वर्ष
वेतन चार अंकों में
*** सम्पर्क ***
9893525920

कम दाम बढ़िया काम
अजन्ता स्प्रे पेन्टिंग
मो.-7089832581

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in